हिन्दुस्तान (Hindustan)

| दिनाँक (Dated): 26.01.2025 | पृष्ठ सं0 (Page No). 16 | क्रम सं0(Serial No.) 2 |
|---|---|---|

# सीआईएसएफ के 30 अफसरों-जवानों को पदक

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। गणतंत्र दिवस के मौके पर सीआईएसएफ में तैनात 30 जवानों एवं अधिकारियों को पदक से सम्मानित किया गया है।

विशिष्ट सेवाओं के लिए कोलकाता में तैनात महानिरीक्षक शिखर सहाय और मुंबई में तैनात उप महानिरीक्षक नीता सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इनके अलावा, 24 कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पुलिस पदक जबकि चार को अग्निशमन सेवा पदक मिला है।

**पुलिस पदक से सम्मानित :** सीआईएसएफ प्रवक्ता भूपेंद्र सरोज के अनुसार, वरिष्ठ कमांडेंट अवधेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ कमांडेंट जय प्रकाश आजाद, वरिष्ठ कमांडेंट तुषार ज्ञानेश्वर सखारे, वरिष्ठ कमांडेंट सुनील कुमार रघुवंशी, वरिष्ठ कमांडेंट विशाल दुबे, सहायक कमांडेंट नरेंद्र कुमार जोशी, सहायक कमांडेंट शराफत अली खान, सहायक कमांडेंट सुनील कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट एम रमेश, सहायक कमांडेंट सुशील कुमार, सहायक कमांडेंट अजया कुमार बी। इनके अलावा, निरीक्षक धर्म चंद व्यास, निरीक्षक प्रतिमा देवी, उप-निरीक्षक कुलदीप कुमार, सहायक उप निरीक्षक वी तमिल सेल्वम, सहायक उप निरीक्षक बीएन शिवगंगई, सहायक उप निरीक्षक बीएन शर्मा, सहायक उप निरीक्षक आर जय कुमार, सहायक उप निरीक्षक वी थंगराजा, सहायक उप निरीक्षक एम अरुमुगम, सहायक उप निरीक्षक उत्पल बनर्जी, सहायक उप निरीक्षक महिंदर सिंह, सहायक उप निरीक्षक शिशपिंदर सिंह, सहायक उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद चंद्र और सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार को भी पुलिस पदक मिला है।

सराहनीय सेवाओं के लिए अग्निशमन सेवा पदक से सहायक कमांडेंट अवधेश कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट प्रेम चंद शर्मा, निरीक्षक विजेन्द्र यादव और उप निरीक्षक रणधीर सिंह को सम्मानित किया गया है।



रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान तलाशी अभियान चलाते केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान। • प्रेट्र